संख्या– 961 / सत्तर–1–2016–20(2) / 2014

प्रेषक,

मधु जोशी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

अध्यक्ष,
संस्कृति सोसाइटी फार एजुकेशन रिसर्च एण्ड डेवलपमेन्ट,
1–बी0, एल0एस0सी0, नारायन इण्डस्ट्रियल एरिया,
फेज–2, नई दिल्ली–28

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 23 सितम्बर, 2016

विषयः–संस्कृति विश्वविद्यालय, छाता, मथुरा, उत्तर प्रदेश के प्रारंभ करने हेतु प्राधिकार–पत्र निर्गत किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र दिनांक 20–9–2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय, छाता, मथुरा, उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2016 की धारा–5 के अन्तर्गत संस्कृति विश्वविद्यालय, छाता, मथुरा, उत्तर प्रदेश का संचालन शैक्षणिक सत्र 2016–17 से प्रारम्भ करने हेतु प्राधिकार–पत्र निर्गत किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय द्वारा संस्कृति विश्वविद्यालय, छाता, मथुरा, उत्तर प्रदेश अधिनियम, 2016 की धारा–5(1) में निहित शक्ति का प्रयोग करते हुए संस्कृति विश्वविद्यालय, छाता, मथुरा, उत्तर प्रदेश का संचालन शैक्षणिक सत्र 2016–17 से प्रारम्भ करने हेतु एतद्द्वारा प्राधिकार–पत्र निर्गत करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

भवदीय,

मधु जोशी

(मधु जोशी)
विशेष सचिव